ई मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित /निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/समसेमे0परी0/जून–2023/1027 लखनऊः दिनांकः 26.05.2023

विषयः परिषद द्वारा आयोजित आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के विवरण फोटो, सिग्नेचर आदि में संशोधन किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि परिषद की आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/सप्लीमेन्ट्री (विशेष बैक पेपर परीक्षा) जून–2023, जून माह में आयोजित होना निर्धारित है। कतिपय संस्थाओं से परिषद में प्राप्त आवेदन/ई0मेल0 द्वारा अवगत कराया गया है कि कुछ छात्र–छात्राओं के विवरण जैसेः– जेंण्डर/कैटगिरी/जन्म तिथि/ई0मेल0 आई0डी0/मोबाइल नं0/फोटो एवं सिग्नेचर गलत ऑनलाइन अपलोड कर दिये गये है।

उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के विवरण जैसे :– जेंण्डर/कैटगिरी/जन्म तिथि/ई0मेल0 आई0डी0/मोबाइल नं0/ फोटो एवं सिग्नेचर **(छात्र नाम, पिता नाम एवं माता नाम को छोड़कर)** में यदि कोई संशोधन अपेक्षित हो तो संस्था स्वयं अपने स्तर से संबंधित छात्र–छात्रा के डाटा में संस्था लॉगिन पर उपलब्ध **UPDATE PHOTO, SIGNATURE & OTHER STUDENT DETAILS** लिंक के माध्यम से संशोधन करना सुनिश्चित करें। **UPDATE** का लिंक परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर संस्था लॉगिन पर **दिनांक 28/05/2023 से दिनांक 03/06/2023 तक** उपलब्ध है।

अतः आपको अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया जाता है कि सम्बन्धित छात्र–छात्राओं का संशोधन उक्त समयावधि के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। **साथ ही संशोधित किये गये छात्र–छात्राओं के विवरण के अनुसार परिषद द्वारा प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन फार्म, अंकपत्र एवं डिप्लोमा प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। जिसमें किसी भी प्रकार का संशोधन भविष्य में किसी भी दशा में नहीं किया जायेंगा। उक्त समयावधि के पश्चात किसी भी दशा में उक्त से सम्बन्धित आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें, जिसके लिये संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी।**

भवदीय,

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप / अनु0–6 / समसेमे0परी0 / जून–2023 / 1028-30 **तद्दिनांक:** 26-05-2023

<u>प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–</u>

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।